सीवीसी से मिलने पहुंचे दो फर्जी अधिकारी

● एक ने खुद को पीएमओ में निदेशक, दूसरे ने रक्षा मंत्रालय में अफसर बताया

सौविक मित्रा। नई दिल्ली

केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) केवी चौधरी से मिलने दो फर्जी अधिकारी पहुंच गए। इनमें से एक ने अपना परिचय प्रधानमंत्री कार्यालय में निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार तथा दूसरे सवितूर प्रसाद ने खुद को रक्षा मंत्रालय अतिरिक्त महानियंत्रक बताया। दोनों सीवीसी पर दबाव डालकर अनुचित कार्य कराना चाहते थे, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया।

उन्होंने सीवीसी के निजी सहायक टी जगन्नाथ राव को अपना विजिटिंग कार्ड भी दिया था। जिस पर निदेशक पीएओ, भारत सरकार और भारत सरकार का लोगो था। सीवीसी ने दोनों को अंदर बुला लिया। पीए और सीवीसी ने इस बात पर गौर नहीं किया कि कुमार के विजिटिंग कार्ड पर रूम नंबर 152, साउथ ब्लॉक रायसीना हिल नई दिल्ली-110011 छपा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यालय है। सीवीसी से मिलने के बाद आरोपी कुमार ने आयकर विभाग से जुड़े उनके कुछ कार्यों की सराहना की और दो तीन आयकर विभाग के अधिकारियों का उल्लेख किया, जिन्हें वह जानता था। इस पर चौधरी ने कहा कि उन्हें उन अधिकारियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद कुमार ने अपने साथी सवितूर प्रसाद की तरफ इशारा करके सीवीसी से कहा कि प्रसाद भारत रक्षा लेखा सेवा के अफसर और अपने विभाग में सबसे वरिष्ठ हैं। उन्हें कोई महत्वपूर्ण काम नहीं आवंटित किया गया और उनके साथ बहुत अन्याय हो रहा है। आरोपी ने सीवीसी से कहा कि हम चाहते हैं कि आप इस मामले में दखल दें। मामले की जांच कर रहे पुलिस ने अधिकारी ने बताया कि चौधरी ने तुरंत कहा कि वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकते हैं, क्योंकि कामों का आवंटन संस्थान के प्रमुख का विशेषाधिकार होता है। कुछ देर और कोशिश करने के बाद कुमार को जब लगा वह सीवीसी को नहीं मना पाएगा तो दोनों वहां से चले गए। सीवीसी को उनका आचरण संदिग्ध लगा। उन्होंने पुष्टि के लिए पीएमओ से संपर्क किया। वे यह सुनकर हैरान रह गए कि डॉ. कृष्ण कुमार के नाम को कोई व्यक्ति बतौर निदेशक वहां काम नहीं कर रहा है।

पुलिस ने अधिकारी ने बताया कि विजिटिंग कार्ड पर आवास का पता ए-135 पंडारा रोड लिखा था, जांच करने पर पता चला कि यह श्रीमती एस अरोड़ा घर है और वह 1992 से दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में प्रोग्रामर के पद पर कार्यरत है। कार्ड में लैंडलाइन नंबर भी था जो पीएमओ का था और एक वरिष्ठ अधिकारी को आवंटित है। इसके बाद पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक को सारी जानकारी दी गई। पटनायक ने स्पेशल सेल, आतंक निरोधी दस्ते को मामले की जांच करने का आदेश दिया। इस संबंध में एक एफआईआर दर्ज की गई है।

सातवीं कक्षा के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत

नई दिल्ली (पीएनएस)। करावल नगर में सातवीं कक्षा के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। हैरानी की बात है कि दिल्ली सरकार द्वारा छठ की छुट्टी की घोषणा किए जाने के बाद भी स्कूल में छुट्टी नहीं की गयी थी। पुलिस के अनुसार 14 साल का अरविंद करावल नगर इलाके में निजी स्कूल में पढ़ता था। शुरूआती जांच में पता चला है कि छात्र का अपने ही सहपाठी के साथ कुछ विवाद हो गया था। इस को लेकर झगड़ा बढ़ गया। सहपाठी ने अरविंद को धक्का दे दिया, जिसमें छात्र का सिर डेस्क से जा टकराया। जिसके बाद वह बेहोश हो गया। उसे तुरंत नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक, अरविंद के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं पाए गए।

ईपीसीए की फटकार पर मेट्रो ने प्रदूषण रोकने के लिए शुरू किया अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ईपीसीए की फटकार के बाद दिल्ली मेट्रो ने अपने सभी निर्माण स्थलों पर प्रदूषण रोकने का अभियान शुरू किया है। पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण की ओर से दिल्ली मेट्रो को निर्देश दिए जाने के बाद इस अभियान की शुरूआत की गई है। ईपीसीए प्रमुख भूरे लाल ने गत 24 अक्तूबर को एक बैठक में मेट्रो निर्माण स्थल पर, खास तौर से आनंद विहार इलाके में धूल नियंत्रण से संबंधित स्थिति के बारे में चर्चा की और बताया। आनंद विहार में सबसे ज्यादा प्रदूषण है। भूरेलाल ने मौके का निरीक्षण करने के बाद दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने ईपीसीए को प्रदूषण कम करने का भरोसा दिया है। दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने मीडिया को बताया कि डीएमआरसी निर्माण स्थल के सभी प्रभारियों को धूल नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है।

फिर से लागू हो सकती है सम-विषम योजना: कैलाश गहलोत

नई दिल्ली (पीएनएस)। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण का स्तर बढ़ने के मद्देनजर सड़कों पर कारों की संख्या को प्रतिबंधित करने के लिए सम-विषम योजना को फिर से लागू कर सकती है। मंत्री ने कल दिल्ली परिवहन निगम और अपने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा कि जब कभी सम-विषम की घोषणा की जाती है, वे इसे लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने कहा, दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के साथ सरकार को सम-विषम योजना समेत आपात कदम उठाने होंगे।

वाहनों की पंजीकरण संख्या के आखिरी अंक पर आधारित यह योजना वर्ष 2016 में दो बार- एक जनवरी से 15 जनवरी और फिर 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक लागू की गई थी। इस योजना के तहत सम और विषम संख्या वाले वाहन सम विषम तारीखों वाले दिनों में सड़कों पर चलते हैं। वायु प्रदूषण स्तर के 48 घंटे या इससे अधिक समय के लिए आपात श्रेणी में रहने पर इसे लागू किया जा सकता है।

चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) को लागू करने का अधिकार रखने वाले पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण (ईपीसीए) ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह आवश्यकता पड़ने पर सम-विषम योजना लागू करने, कारों को सड़कों पर नहीं चलने का आदेश देने और स्कूलों को बंद करने का आदेश देने से हिचकेगा नहीं। ईपीसीए को उच्चतम न्यायालय ने नियुक्त किया है।

जीआरपीए को नवंबर 2016 में न्यायालय के आदेश के बाद केंद्र ने इस साल जनवरी में अधिसूचित किया था। गहलोत ने कहा कि सम-विषम योजना लागू होने पर तैयारी का मुख्य घटक डीटीसी द्वारा अतिरिक्त बसों की खरीदारी होगा। योजना को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती अच्छी तरह विकसित दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के अलावा सार्वजनिक परिवहन की खराब सुविधाएं है। डीटीसी के पास 4000 बसें है जबकि दिल्ली इंटीग्रेटिड मल्टीमोडल ट्रांजिट सिस्टम 1,600 बसें चलाता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि शहर के सभी इलाकों में चलाने के लिए करीब 11,000 बसों की आवश्यकता है। ईपीसीए वायु प्रदूषण स्तर के बहुत खराब और गंभीर श्रेणियों पर पहुंचने के बाद बदरपुर ताप विद्युत संयंत्र एवं ईंट भट्टों को बंद करने और जनरेटरों पर प्रतिबंध लगाने जैसे कड़े कदम पहले ही उठा चुका है।

कचरे के निस्तारण के लिए डीजल ट्रकों के पंजीकरण को मंजूरी

नई दिल्ली। एनजीटी ने दिल्ली सरकार को कचरे के निस्तारण में इस्तेमाल होने के लिए 40 नए डीजल वाहनों के पंजीकरण की अनुमति देने के निर्देश दिए हैं। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति स्वतंत्र कुमार और न्यायमूर्ति जवाद रहीम की पीठ ने इस शर्त पर यह राहत दी कि याचिकाकर्ता 18 भारी डीजल वाहनों और 20 पुराने ट्रकों को नष्ट करेगा तथा इस संबंध में अधिकरण में हलफनामा दाखिल करेगा। अधिकरण ने याचिकाकर्ता को दस साल से अधिक पुराने वाहनों को नष्ट करने के साथ ही इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने का भी निर्देश दिया है। पीठ ने याचिकाकर्ता को आरटीओ द्वारा प्रमाणित दस्तावेज पेश करने के निर्देश भी दिए और इसके बाद ही कानून के अनुसार 14 नए भारी मोटर वाहनों और 26 नए ट्रकों का पंजीकरण किया जाएगा। पीठ ने कहा, नए वाहनों में जीपीएस प्रणाली भी लगाई जाएगी और इनका इस्तेमाल याचिका में बताए गए उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा।

उद्देश्यों में परिवहन और विभिन्न स्थानीय प्रशासनों के तहत आने वाले नगर निगमों के कचरे का निपटान शामिल है। इनका निजी इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। अधिकरण दिल्ली एमएसडब्ल्यू सॉल्यूशंस की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इसमें दावा किया गया है कि हरित अधिकरण ने नए डीजल वाहनों के पंजीकरण के साथ ही 10 साल बाद ऐसे वाहनों का फिर से पंजीकरण करने पर रोक लगा दी थी। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में डीजल से चलने वाली एसयूवी और 2000 सीसी की क्षमता से ज्यादा के इंजन वाली कारों के पंजीकरण पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

सिर से जुड़े बच्चों की हालत नाजुक : चिकित्सक

नई दिल्ली (पीएनएस)। सिर से आपस में जुड़े, ओडिशा के जुड़वां बच्चों जागा और कालिया को अलग करने के लिए एम्स में हुई मैराथन सर्जरी के बाद उनकी हालत आज गंभीर बताई गई है। अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि 28 महीने के जुड़वां बच्चों को 18 घंटे चली सर्जरी के बाद सफलतापूर्वक अलग किया गया। यह सर्जरी कल सुबह नौ बजे शुरू होकर देर रात तीन बजे तक चली। चिकित्सक ने बताया कि बच्चे वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर है। उनके स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों का एक दल लगातार नजर रख रहा है। उन्हें लगातार खून चढ़ाया जा रहा है। एम्स के न्यूरोसर्जरी, न्यूरो-एनेस्थीसिया और प्लास्टिक सर्जरी विभागों के करीब 30 विशेषज्ञों के दल ने मैराथन सर्जरी के दूसरे चरण को अंजाम दिया।

एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा था कि ओडिशा के कंधमाल जिले के फिरिंगिया ब्लॉक के तहत आने वाले मिलीपाडा गांव के ए बच्चे सिर से जुड़े थे। यह बहुत दुर्लभ स्थिति है। सर्जरी का पहला चरण 28 अगस्त को संपन्न हुआ था जब डॉक्टरों ने मस्तिष्क से हृदय को रक्त वापस पहुंचाने वाली उनकी जुड़ी हुई रक्तनलिकाओं को अलग करने के लिए वेनस बाईपास बनाया था। बच्चों को 13 जुलाई को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स के न्यूरोसाइंस सेंटर के प्रमुख डॉ ए के महापात्र ने पहले बताया था कि बच्चे जिस स्थिति से गुजर रहे हैं, वह 30 लाख में से एक बच्चे में होती है। इनमें से भी 50 प्रतिशत की या तो जन्म के समय या जन्म के 24 घंटे के अंदर मृत्यु हो जाती है।

गाजियाबाद/नोएडा समाचार

स्कूल में जैन मुनि का शव जलाने पर हंगामा

गाजियाबाद। कविनगर के जैनमति उजागर मल जैन इंटर कॉलेज में बुधवार रात जैन मुनि का शव जलाने को लेकर हंगामा हो गया। शव जलते ही आसपास बदबू फैल गई। इससे आक्रोशित लोगों ने मौके पर पहुंचकर बवाल कर दिया। पुलिस के पहुँचने से पहले ही शव जल चुका था। रामलीला मैदान के पास जैनमति इंटर कॉलेज है। पास में ही जैन समाज के लोगों का एक मंदिर है। शाम को एक वृद्ध जैन मुनि की मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना पाकर जैन समाज के लोग वहां पहुंचने और अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गए। लोग रात में ही करीब 9.30 बजे शव लेकर जैनमति इंटर कॉलेज पहुंच गए। कॉलेज परिसर में शव को जला दिया। शव जलने पर आसपास बदबू फैलने लगी। ऐसे में लोग घरों से बाहर आ गए। उन्हें जब पता चला कि कॉलेज परिसर में शव जलाया जा रहा है तो उनमें गुस्सा पैदा हो गया। लोगों ने मौके पर जाकर शव जलाए जाने का विरोध किया। जैन समाज के लोगों ने स्कूल की जमीन को अपना बताया तो इससे मामले बिगड़ गया। हंगामे की सूचना पाकर कविनगर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।

छठ पूजा पर डायवर्जन से जीटी रोड पर लगा जाम

गाजियाबाद। छठ पूजा के चलते डायवर्जन से गुरुवार शाम हिंडन पुल के पास जीटी रोड पर लंबा जाम लगा रहा। हिंडन नदी किनारे छठ घाट बनाए जाने से हिंडन बैराज रोड को गुरुवार अपराह्न 3 बजे बंद कर दिया गया। इससे जीटी रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ गया और जाम लग गया। जाम में फंसने वाले लोग करीब आधे घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचे। शुक्रवार सुबह 11 बजे पूजा समाप्त होने के बाद डायवर्जन को खोला जाएगा। छह पूजा के लिए हिंडन नदी किनारे घाट बनाए गए हैं। गुरुवार अपराह्न 3 बजे श्रद्धालुओं के पहुंचने पर जीटी रोड और सीआईएसएफ रोड पर डायवर्जन कर हिंडन बैराज रोड को आम लोगों के लिए बंद कर दिया। हिंडन बैराज रोड से आने.जाने वाले लोग मोहन नगर चौराहे से होकर निकलने लगे। शाम 5 बजे जीटी रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ने पर जाम लगना शुरू हो गया। थोड़ी ही देर में मेरठ तिराहे से मोहन नगर चौराहे तक वाहनों की कतारें लग गईं। वाहन रेंगते हुए नजर आने लगे। यातायात पुलिसकर्मी यातायात को समान्य बनाने में लगे रहेए मगर वाहनों का अधिक दबाव होने से उन्हें सफलता नहीं मिली। देर रात तक जीटी रोड पर जाम की स्थिति बनी रही।

बंद पड़े गोदाम में नकली डीजल बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

गाजियाबाद। नेशनल हाईवे पर गांव मोरटा औद्योगिक क्षेत्र में आबकारी विभाग व पुलिस की टीम ने एक बंद पड़े गोदाम में छापा मारकर नकली डीजल बनाने की फैक्ट्री का भंड़ाफोड़ किया है। पुलिस ने गोदाम से एक हजार लीटर से अधिक नकली डीजल व डीजल बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने तस्करी की अवैध शराब की भी 35 पेटी बरामद की है। पुलिस को देखकर फैक्टरी स्वामी व कर्मचारी फरार हो गए। आबकारी पुलिस ने निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे पर गांव मोरटा औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट नंबर.35 में हरियाणा व अरुणाचल प्रदेश से अवैध शराब तस्करी करके लाई जाती है। इसके बाद इस गोदाम से शराब बड़े पैनामे पर पश्चिमी यूपी के जिले में सप्लाई होती है।

बिजली कर्मचारी से ढाई लाख रुपये लूटे

मुरादनगर। दुहाई भिक्कनपुर मार्ग पर गुरुवार दोपहर को बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर कार सवार बिजली विभाग के कर्मचारी से तमंचे के बल पर ढाई लाख रुपये लूट लिए। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने कर्मचारी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाजियाबाद के कैलाश नगर निवासी रविन्द्र कदर्म गांव असालतनगर स्थित बिजली सब स्टेशन पर टीजीटू कर्मचारी पद पर तैनात है। गुरुवार को बिजली विभाग ने गांव भिक्कनपुर में बिजली के बकाया बिल की वसूली के लिए कैंप लगाया था। गांव भिक्कनपुर में 2,59,758 रुपये की वसूली हुई थी। गुरुवार शाम को चार बजे के आसपास रविन्द्र कदर्म अपनी कार से मुरादनगर की ओर आ रहा था। दुहाई भिक्कनपुर मार्ग पर बम्बे के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर कार को रोक लिया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे के बल पर रविन्द्र के पास रखा पैसे से भरा बैग लूट लिया। बदमाशों ने बिजली कर्मचारी को मारपीट कर घायल कर दिया। जाते वक्त बदमाश पीड़ित के मोबाइल की बैट्री निकाल दी और कार के पहिए में पंचर कर दिया। एक राहगीर से लिफ्ट लेकर वर्धमानपुरम पुलिस चौकी पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस ने उसे थाने जाने की बात कहकर टरका दिया। सीओ सदर राजकुमार पांडेय व थानाप्रभारी ने लूट के तीन घंटे बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाप्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जीडीए उपाध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला डीएम रितु माहेश्वरी ने

गाज़ियाबाद। जीडीए उपाध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार डीएम रितु महेश्वरी को सौपा गया है। गुरुवार दोपहर को उन्होंने जीडीए कार्यालय पहुंचकर उपाध्यक्ष का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। पिछले लम्बे समय से जीडीए वीसी का पद रिक्त चल रहा था। रिक्त पद पर जीडीए सचिव रविन्द्र गोडबोले पदभार संभाल रहे थे। बता दें कि सितम्बर माह में जीडीए वीसी कंचन वर्मा के स्टडी लीव पर विदेश चले जाने के बाद से वीसी का पद रिक्त चल रहा थाए जिसे प्रभारी अधिकारी के तौर पर रविन्द्र गोडबोले संभाल रहे थे।

यमुना एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे गिरी कार, एक की मौत, दो घायल

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में तेज रउतार अर्तिका कार यमुना ए1सप्रेसवे के पुल से जा टकराई और फिर नीचे आ गिरी कार में सवार तीन लोगो में से एक की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है, वही सुचना मिलने पर पुलिस भी मोके पर पहुंच गयी और शव को क4जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है। बताया जा रहा है कार सवार लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे जैसे ही तेज रउतार उनकी कार यमुना एक्सप्रेवे के जीरो पोईंट के पास पहुंची तभी कार का बेलेंस बिगड़ गया और कार एक्प्रेसवे के पुल से टकराते हुए नीचे आ गिरी। दरसल लखनऊ से अर्टिका कार में सवार होकर तीन लोग दिल्ली के लिए चले थे। उनकी कार यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पोईंट के पास पहुंची तभी अचानक से कार का बेलेंस बिगड़ गया और कार एक्सप्रेसवे के पुल से टकराते हुए पुल के नीचे आ गिरी।

एक महिला ने तीन शिशुओं को दिया जन्म

नोएडा। दनकौर कस्बे में स्थित बाबा सूखा मल डालचंद नंबरदार अस्पताल में भर्ती एक 20 वर्षीय महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। बाबू सूखामल अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ1टर सुमन कटियार व सर्जन एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप सिंह ने बताया कि अस्पताल में भर्ती ग्राम दादूपुर निवासी 20 वर्षीय मंजू पत्नी गजेंद्र ने गुरुवार को एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है जिनमें दो लड़की व एक लड़का है। तीनों शिशु पूरी तरह से स्वस्थ हैं उन्होंने बताया कि इन तीनों बच्चों को एन आई सी यू में 24 घंटे डॉक्टर प्रदीप व् डॉ श्वेता महिला रोग विशेषज्ञ की निगरानी में रखा गया है।

सेक्टर 58 पुलिस ने चार बाईक के साथ पकड़े दो बदमाश।

नोएडा। सेक्टर 58 पुलिस ने गुरुवार को दो वाहन चोरों को पकडने का दावा किया है। इनके क4जे से पुलिस ने पांच चोरी की मोटरसाइकिल और तमंचा, जिंदा कारतूस बरामद किये है। पुलिस ने बताया कि उसकी एक टीम सेक्टर 62 से चेकिंग कर रही थी। इसी के दौरान दो युवक एक मोटरसाइकिल पर आते दिखे। इन्हें रोककर जब तलाशी ली गई तो इनके पास से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस तथा एक चाकू मिला। तहकीकात की तो बाईक भी चोरी की मिली।

लुटेरों का कहर, कई को लूटा

नोएडा। थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के अंतर्गत लूट की वारदातों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। यह हालात तब है जब पुलिस 70 फ़ीसदी मामले दर्ज ही नहीं कर रही है। 3 बदमाशों ने सेक्टर 20 थाने से चंद कदमों की दूरी पर बने बिजली घर के सामने रोहित नामक युवक को रोककर उस पर पिस्टल तान दी। बदमाश उससे सोने की चेन व अन्य सामान लूट कर फ रार हो गए। इसके बाद पंकज सिंह नामक व्यक्ति से हथियारबंद बदमाशों ने सेक्टर 30 के पास हथियार के बल पर मोबाइल फोन व नकदी लूट ली।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (परियोजना) एनजीजैड
कमरा सं. 207, दूसरा तल, जोनल कार्यालय भवन, धनसा स्टैंड, नजफगढ़, दिल्ली-110043 project_ngz@yahoo.co.in
एनआईटी सं. : ईई(पीआर.)एनजीजैड/प्लान/टीसी/2017-18/11 दिनांक : 23.10.2017

निविदा हेतु प्रैस सूचना

ऑनलाइन टेंडरिंग टाईमटेबल हेतु कृपया http://mcdetenders.com देखें। एसडीएमसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु एसडीएमसी के साथ पंजीकृत, स्वीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मोहरबन्द प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ टाइमटेबल के अनुसार प्राप्त की जायेंगी तथा 22.11.2017 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ईई (पीआर.), एनजीजैड, कमरा सं. 207, द्वितीय तल, जोनल कार्यालय भवन, धनसा स्टैंड, नजफगढ़, दिल्ली-110043 में खोली जायेंगी। एनआईटी खुलने की तिथि से दरों की वैधता 5 माह होगी तथा बातचीत के मामले में बातचीत की तिथि से होगी। वेबसाइट पर दर्शायी गई कम्प्यूटर जनरेटेड धरोहर राशि के निरपेक्ष धरोहर राशि निम्नलिखित कॉलमों में दर्शाए गए अनुसार होगी। पी.ओ. आयुक्त, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के पक्ष में किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी हो। इन निविदाओं के बारे में संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय विस्तार आदि का सभी विवरण, यदि कोई होगा, तो केवल एसडीएमसी की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगा। इन निविदाओं के बारे में बोलीदाता स्वयं को नियमित अद्यतन रखने हेतु वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

निविदा प्रपत्र डाउनलोड की अंतिम तिथि: 11.11.2017 को दोपहर 2:00 बजे तक **बोली तैयार करने व हैश जमा कराने की अंतिम तिथि:** 14.11.2017 को दोपहर 2:01 बजे तक, **बोली बन्द होने की तिथि:** 14.11.2017 को दोपहर 2:01 बजे से 15.11.2017 को सायं 5:30 बजे तक, **ऑनलाइन बोली की रि-इंक्रिप्शन की तिथि:** 15.11.2017 को सायं 5:31 बजे से 22.11.2017 को प्रातः 11:00 बजे तक, **वित्तीय बोली खुलने की तिथि:** 22.11.2017 को प्रातः 11:00 बजे।

क्र.सं. : 1, निविदा सं. : 292589, **कार्य का नाम :** राजनगर-II, पालम कालोनी, वार्ड सं. 46-एस/एनजीजैड में महिला होस्टल से पम्प रूम तक (ल.=350 मीटर, स्पष्ट चौ.=0.60 मीटर) तथा एन.आर. पब्लिक स्कूल से शिव शक्ति एन्टरप्राइजेज तक (ल.=250 मीटर, स्पष्ट चौ.=0.60 मीटर) आरसीसी ड्रेन का निर्माण। **निविदा राशि :** रु. 1,06,22,534/-, **अनुमानित राशि :** रु. 1,10,42,200/-, **धरोहर राशि :** रु. 2,21,000/-, **पूर्णता अवधि :** 4 माह, **निविदा मूल्य :** रु. 1,000/-, **लेखा शीर्षक :** G-110-3555.

क्र.सं. : 2, निविदा सं. : 292590, **कार्य का नाम :** वार्ड सं. 34-एस/एनजीजैड में नंगली सकरावटी में दीनपुर-नंगली रोड पर ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल से फ्लड ड्रेन तक (ल.=450 मीटर, स्पष्ट चौ.=0.90 मीटर) आरसीसी ड्रेन का निर्माण। **निविदा राशि :** रु. 1,52,90,833/-, **अनुमानित राशि :** रु. 1,55,92,100/-, **धरोहर राशि :** रु. 3,12,000/-, **पूर्णता अवधि :** 6 माह, **निविदा मूल्य :** रु. 1,000/-, **लेखा शीर्षक :** G-110/3583.

क्र.सं. : 3, निविदा सं. : 292591, **कार्य का नाम :** वार्ड सं. 34-एस/एनजीजैड में नंगली सकरावटी में दीनपुर-नंगली रोड पर प्लॉट सं. 1 से फ्लड ड्रेन तक (ल.=1000 मीटर, औसत चौ.=7.00 मीटर) आरएमसी के प्रावधान द्वारा सड़क का सुधार, विकास। **निविदा राशि :** रु. 1,51,32,480/-, **अनुमानित राशि :** रु. 1,54,30,600/-, **धरोहर राशि :** रु. 3,09,000/-, **पूर्णता अवधि :** 6 माह, **निविदा मूल्य :** रु. 1,000/-, **लेखा शीर्षक :** G-110/3583.

आर.ओ. नं. 149/डीपीआई/दक्षिणी/2017-18 अधिशासी अभियन्ता (परियोजना) एनजीजैड

सार्वजनिक सूचना

कैपिटल इण्डिया फाइनेंस लिमिटेड (सीआइएन : एल74899डीएल1994पीएलसी128577) में प्रबन्धन/नियन्त्रण में परिवर्तन हेतु आरबीआइ परिपत्र सं. डीएनबीआर (पीडी) सीसी. सं. 065/03.10.001/2015-16 दिनांकित 09 जुलाई 2015 के साथ पठित आरबीआइ परिपत्र सं. डीएनबीएस (पीडी) सीसी. सं. 82/03.02.02/206-07 दिनांकित 27 अक्टूबर 2006 के अनुसार संयुक्त सार्वजनिक सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, रोहतक मार्ग
पंजाबी बाग, नई दिल्ली – 110035
दूरभाष : 0124-2719059

यह सार्वजनिक सूचना संयुक्त रूप में निम्न के द्वारा निर्गमित की जा रही है :

1. कैपिटल इण्डिया फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में भीलवाड़ा टेक्स-फिन लिमिटेड के रूप में ज्ञात) जो कि पंजीकरण संख्या बी-14.03278 दिनांकित 13 अगस्त 2017 के प्रमाणपत्र द्वारा आरबीआइ के साथ गैर-जमा लेनेवाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी **("कम्पनी")** के रूप में पंजीकृत है;

तथा

2. श्री समय सिंह निवासी 127, वसन्त एन्क्लेव, राव तुला राम मार्ग, नई दिल्ली-110057, श्री सतीश कुमार शर्मा निवासी इ-76, नरायणा विहार, नई दिल्ली-110028, श्रीमती सीमा कुमारी निवासी बी-404, सर्वे सत्यम सीजीएचएस लि., भूखण्ड-12, सेक्टर-4, द्वारका, दिल्ली-110075, श्री राहुल रमेश कुमार जैन निवासी 7, सियाल भवन, द्वितीय तल, लैट सं. 202, द्वितीय फनसवादी, मुम्बई-400002, कम्पनी के विद्यमान निदेशकगण तथा सैनिक माइनिंग एण्ड एलाइड सर्विसेज लिमिटेड, कम्पनी के प्रमुख अंशधारक, जिसका पंजीकृत कार्यालय 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, रोहतक मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110035 में है, अंशधारकों **("हस्तांतरणकर्ता")** की ओर से;

तथा

3. **मै. ट्राइडेंट होल्डिंग एलएलपी जिसकी एलएलपी** पहचानकारी संख्या : एएजे-7602 है तथा जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-4, द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024 **("अधिग्राहक")** में है;

तथा

4. श्री केशव पौड़वाल, श्री अमित सहाय कुलश्रेष्ठ, श्री विनीत कुमार सक्सेना तथा श्री सुबोध तोमर और श्रीमती श्रद्धा कामत सुरेश, कम्पनी के प्रस्तावित निदेशकगण **("नए निदेशकगण")**।

आरबीआइ विनियमावली **("प्रस्तावित लेन-देन")** के अनुपालन के अन्तर्गत अधिग्राहक द्वारा कम्पनी के अंशों के प्रस्तावित अधिग्रहण के कारण कम्पनी के प्रबन्धन तथा नियन्त्रण में प्रस्तावित परिवर्तन के सम्बन्ध में तथा उससे सम्बन्धित श्री केशव पौड़वाल, श्री अमित सहाय कुलश्रेष्ठ, श्री विनीत कुमार सक्सेना तथा श्री सुबोध तोमर और श्रीमती श्रद्धा कामत सुरेश के कम्पनी के नए निदेशकगण के रूप में होनेवाली प्रस्तावित नियुक्ति के सम्बन्ध में।

प्रस्तावित लेन-देन का विवरण

अधिग्राहक से हस्तांतरणकर्ता द्वारा प्राप्त की गई/प्राप्त की जानेवाली मौद्रिक क्षतिपूर्ति हेतु हस्तातंरणकर्ता अपने द्वारा धारित कम्पनी के अंशों को अधिग्राहक को बेचने के लिए सहमत हो चुके हैं।

अधिग्राहक के विवरण

1. मै. ट्राइडेंट होल्डिंग एलएलपी, अधिग्राहक, नई दिल्ली में 7 जुलाई 2017 को एलएलपी पहचानकारी संख्या एएजे-7602 द्वारा कम्पनी रजिस्ट्रार, नई दिल्ली द्वारा निर्गमित पंजीकरण प्रमाणपत्र दिनांकित 20 जून 2017 द्वारा सीमित दायित्व साझीदारी अधिनियम 2008 के अन्तर्गत निगमित एक सीमित दायित्व साझीदारी कम्पनी है। वर्तमान में अधिग्राहक का पंजीकृत कार्यालय बी-4, द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024 में स्थित है। अधिग्राहक का दूरभाष संख्या : 0120-4100093 है।
2. अन्य उद्देश्यों के मध्य अधिग्राहक का मुख्य उद्देश्य इन्वेस्टमेन्ट होल्डिंग एलएलपी के रूप में व्यवसाय का संचालन करना है।
3. अधिग्राहक अपने आप में किसी समूह से सम्बन्धित नहीं है तथा वह किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं है।
4. इस सूचना की तिथि के अनुसार अधिग्राहक की साझीदारी संरचना निम्नानुसार है :

क्र.सं.	साझीदार का नाम	अंशों की संख्या	अंशधारण का %
1	सुमित कुमार नरवार	25,050,000	50.00
2	पूनम नरवार	25,050,000	50.00
	कुल	**50,100,000**	**100.00**

5. अधिग्राहक का संक्षिप्त वित्त सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है :

विवरण	20 जून 2017 से 24 अगस्त 2017 तक की अवधि हेतु (रु. लाख में) (अलेखापरीक्षित)*
कुल आय/निवल आय	शून्य
कर पश्चात् लाभ	(1.33)
आय प्रति अंश (इपीएस) (रु. में)	ऋणात्मक
निवल सम्पत्ति	499.92

*स्रोत : अधिग्राहक के संवैधानिक लेखापरीक्षक, मै. एवीके एंड एशोसिएट्स, चार्टरित लेखाकार (फर्म पंजीकरण संख्या : 02638एन) द्वारा प्रमाणितानुसार, सीए अश्विनी कु